हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शुक्रवार 24 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 32 .6 डिग्री
न्यूनतम 25 .4 डिग्री

11 एसडीएम को छुट्टी पर भेजा, वकील बोले तबादला होने तक जारी रहेगा संघर्ष



12 डीसी साहब सड़कों पर भी ध्यान दो, बारिश में गड्ढे कर रहे परेशान, नहीं मिल रहा सुरक्षित सफर



आक्रोश मार्च

### प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर घटना की निष्पक्ष जांच कराने की मांग

# दिल्ली जंतर-मंतर पर लाठीचार्ज का विरोध, सड़कों पर उतरे सैकड़ों युवा







रेवाड़ी। दिल्ली लाठीचार्ज के विरोध में शहर में आक्रोश मार्च निकालते युवा, सचिवालय के बाहर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए छात्राएं, लघु सचिवालय के बाहर मौजूद पुलिस बल तथा कार्रवाई की मांग को लेकर सीटीएम को ज्ञापन सौंपते छात्र। फोटो : हरिभूमि

**विद्यार्थियों ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से इस्तीफा देने का आग्रह किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

दिल्ली के जंतर-मंतर पर 20 जुलाई को छात्रों पर हुए लाठीचार्ज का विरोध तेज होता जा रहा है। वीरवार को घटना के विरोध में शहर में सैकड़ों छात्रों ने सड़कों पर उतरकर रोष प्रदर्शन किया और सचिवालय पहुंचकर प्रधानमंत्री के नाम सीटीएम जितेन्द्र कुमार को ज्ञापन सौंपा। विद्यार्थियों का कहना है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपनी मांगों को शांतिपूर्ण ढंग से रखना प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है और ऐसे में छात्रों पर बल प्रयोग की घटना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। इस घटना से देशभर के युवाओं में रोष और असंतोष व्याप्त है। उनका कहना है कि छात्रों की समस्याओं का समाधान बल प्रयोग के माध्यम से नहीं, बल्कि संवाद और संवेदनशीलता के साथ किया जाना चाहिए। विद्यार्थियों ने इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष न्यायिक जांच कराने की मांग की, ताकि घटना के लिए जिम्मेदार अधिकारियों एवं व्यक्तियों की जवाबदेही तय हो सकें। विद्यार्थियों ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से इस्तीफा देने का आग्रह किया। साथ ही राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के चेयरमैन प्रदीप कुमार जोशी को भी उनके पद से हटाने की मांग की गई। उन्होंने लाठीचार्ज में घायल हुए विद्यार्थियों को समुचित चिकित्सा सुविधा, आर्थिक सहायता एवं उचित मुआवजा देने, भविष्य में किसी भी छात्र आंदोलन के दौरान अनावश्यक बल प्रयोग पर रोक लगाने तथा छात्रों की समस्याओं का समाधान वार्ता और संवाद के माध्यम से करने की मांग उठाई। बावल बार एसोसिएशन के वकीलों की ओर से छात्रों के समर्थन में रोष मार्च निकाला।

- **लाठीचार्ज में घायल हुए विद्यार्थियों को समुचित चिकित्सा सुविधा, आर्थिक सहायता एवं उचित मुआवजा देने की मांग**

### सचिवालय पर भारी पुलिस बल रहा मौजूद

दिल्ली लाठीचार्ज के विरोध छात्रों के प्रदर्शन के दौरान लघु सचिवालय पर डीएसपी पवन कुमार के नेतृत्व में एसएचओ मॉडल टाउन रतन सिंह, इंस्पेक्टर कश्मीर सिंह व एसआई बलवंत सिंह सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा। इस दौरान पुलिस की ओर से सुरक्षा उपकरणों की पहले से ही व्यवस्था की गई। छात्रों के सचिवालय पहुंचने पर गेट पर ही रोक दिया गया। सचिवालय के सामने स्थित भाजपा विधायक के निवास पर पुलिस बल तैनात रहा।

### युवाओं पर बल प्रयोग लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध

इससे पहले युवा व छात्र महाराणा प्रताप चौक पर एकत्रित हुए और छात्र नेता रवि मसीत के नेतृत्व में आक्रोश मार्च निकालते हुए लघु सचिवालय पहंचे। इस मौके पर छात्र नेता रवि मसीत ने कहा कि 20 जुलाई की घटना की निष्पक्ष एवं न्यायिक जांच कर दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। उन्होंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देने की मांग की। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे युवाओं पर बल प्रयोग लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध है और दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश का युवा अपने अधिकारों और न्याय की आवाज उठा रहा है। इस मौके पर युगल, संदीप, राकेश, राहुल, शिवराज, करम, राज, शिवानी, मधु, किरण, रोहित, संदीप, चिराग, समय सिंह, हरीश, हर्ष, चिराग, आशीष, किरण, तान्या, सचिन, यवन, कुणाल, मोहित नीरज व साहिल सहित सैकड़ों युवा मौजूद थे।

## न्यूज डायरी



### समाधान शिविर में अवैध कब्जे, जलभराव व दूषित पानी की शिकायतों पर हुई सुनवाई

रेवाड़ी। डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि समाधान शिविरों के माध्यम से नागरिकों को विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों के प्रभावी समाधान के लिए एक ही स्थान पर मंच उपलब्ध कराया जा रहा है। डीसी अभिषेक मीणा व एसपी हेमेंद्र मीणा ने वीरवार को लघु सचिवालय सभागार में आयोजित समाधान शिविर में आमजन की समस्याएं सुनी तथा मौके पर ही विभागों के अधिकारियों को समस्या के निवारण करने के निर्देश दिए। शिविर में गांव सुनारिया में श्याम मंदिर के सामने दूषित जमा पानी, गांव बालियर कलां गांव से मुढ़यिा खेड़ा सड़क मार्ग पर अवैध कब्जे, गांव मुढ़यिा खेड़ा में मुख्य मार्ग पर जलभराव, गांव बोलनी में जोहड़ों की सफाई कराने तथा गांव बेरली कलां में बस स्टैंड पर अवैध कब्जे की शिकायत पर डीसी ने अधिकारियों को समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला नगर आयुक्त ब्रह्म प्रकाश, सीटीएम जितेंद्र कुमार व डीएसपी संजीव बल्हारा सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।



### शिविर में 176 मरीजों की नेत्र जांच, 70 मोतियाबिंद मरीजों का होगा फ्री ऑपरेशन

कोसली। सामाजिक संस्था विजय एकता मंच के चेयरमैन एवं समाजसेवी विजय गुड़ियानी के नेतृत्व तथा प्राइवेट आई हॉस्पिटल नई दिल्ली के सहयोग से वीरवार को गांव गुड़ियानी में आयोजित निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी। चिकितसकों ने शिविर में 176 मरीजों की आंखों की जांच कर उचित परामर्श दिया। शिविर में 70 मरीजों में मोतियाबिंद की पुष्टि होने पर उन्हें नई दिल्ली आई हॉस्पिटल में पूरी तरह निःशुल्क ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। इनके अलावा 56 जरूरतमंद मरीजों को मुफ्त चश्मे वितरित किए गए, जबकि 90 मरीजों को निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। शिविर में नेत्र विशेषज्ञों ने लोगों को आंखों की देखभाल के प्रति भी जागरूक किया।

इस अवसर पर समाजसेवी विजय गुड़ियानी ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना उनकी संस्था का प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि समय पर जांच और उपचार से आंखों की रोशनी को सुरक्षित रखा जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### जिला परिवेदना समिति की बैठक बाल भवन में आज

रेवाड़ी। जिले के नागरिकों की शिकायतों का निवारण करने के लिए जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की मासिक बैठक 24 जुलाई को सुबह 10 बजे बाल भवन में आयोजित होगी। हरियाणा के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी व लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा लोगों की शिकायतें सुनेंगे। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 16 परिवादों की सुनवाई की जाएगी, जिसमें 11 नए, 4 लंबित व एक अनुपूरक परिवाद शामिल हैं। बैठक में जिले के विधायक, विभाग अध्यक्ष, पंचायत व निकाय समितियों के चेयरमैन तथा जिला कष्ट निवारण समिति के सदस्य उपस्थित रहेंगे।

### शराब पीकर हुड़दंग मचाने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

रेवाड़ी। जिला पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर शराब पीकर माहौल खराब करने के दो अलग-अलग मामलों में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान मोहल्ला अर्जुन नगर निवासी कर्ण, मोहल्ला शाधुशाह नगर निवासी नवीन कुमार, यूपी के जिला झांसी के गांव बरौरा बांका पहाड़ी हाल किरायेदार गांव ढालियावास निवासी दलीप व जयदेव के रूप में हुई हैं।

## ससुराल पक्ष पर घर में घुसकर मारपीट का आरोप, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

गुड़ियानी गांव निवासी व्यक्ति ने चरखी दादरी जिले के बेरला गांव निवासी अपने ससुराल पक्ष के लोगों पर घर में घुसकर उनके माता-पिता व भाई के साथ मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाते हुए कोसली थाने में मामला दर्ज कराया है। पीएनबी में कार्यरत मंजीत ने पुलिस को दी शिकायत बताया कि उनकी शादी 6 वर्ष पूर्व मनीषा निवासी बेरला थाना बाढडा चरखी दादरी के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही उनकी पत्नी उनके माता-पिता के साथ अच्छा व्यवहार नहीं कर रही थी। इसी के चलते उनकी पत्नी बीच में अपने मायके चली गई थी। जब वे पत्नी को लेने गए तो ससुराल वालों ने उसके साथ मारपीट की, लेकिन वे शादी को बचाने के समझौता कर पत्नी को अपने घर ले आए, लेकिन पत्नी ने अपने व्यवहार में कोई बदलाव नहीं किया और उनके माता पिता के साथ दुर्व्यवहार करती रही। उन्होंने इस संबंध में ससुराल वालों को अवगत कराया। 10 जुलाई को उनके सास-ससुर उनके घर गुड़ियानी आए। जब वे घर पहुंचे तो सास-ससुर ने उनके साथ गाली-गलौज व मारपीट की। उसी दिन रात 8 बजे जब वे मार्केट गए हुए थे। घर पर आकर पता चला कि उनके साले आशीष, योगेश, आर्यन तथा दो अन्य लड़कों ने घर में घुसकर उनके माता पिता व भाई के साथ लाठी डंडों से मारपीट की और चाकू से हमला किया, जिससे उनकी मां मुन्नी देवी को गंभीर चोटें आईं। उनकी सास कौशल्या ने भी उनकी मां के साथ मारपीट की। उनकी पत्नी शादी के समय दिए गए सोने के आभूषण एवं अन्य कीमती सामान और घर की चाबी भी ले गई। शिकायतकर्ता ने इस दौरान घर से नकदी गुम होने का आरोप भी लगाया है। पुलिस ने शिकायत पर सभी आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

### बिजली उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर 27 को

कोसली। कोसली के दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम मंडल में बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए 27 जुलाई को सुबह 9 बजे से 11 बजे तक उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। कोसली डिवीजन के कार्यकारी अभियंता अनिश कुमार ने बताया कि कैंप में गलत बिलिंग, रीडिंग, कनेक्शन, मीटर व वोल्टेज से संबंधित शिकायतें सुनी जाएगी। शिकायतों से संबंधित कोई कोर्ट केस नहीं होना चाहिए। उपभोक्ताओं को शिकायत का विवरण सत्यापित फार्म के साथ देना होगा, ताकि उनकी समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द किया जा सकें।

## फाइनेंस कंपनी से बचने के लिए कार पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर घूमने वाला युवक चढ़ा पुलिस के हत्थें

**पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना खोल में मामला दर्ज कर फर्जीवाड़े में इस्तेमाल वैगनआर को भी कब्जे में ले लिया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

ट्रैफिक पुलिस की सतर्कता से फर्जी नंबर प्लेट लगाकर धूम रहे कार चालक को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने फाइनेंस कंपनी की देनदारी से बचने और गाड़ी की धरपकड़ से बचने के लिए कार पर किसी अन्य गाड़ी की फर्जी नंबर प्लेट लगा रखी थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना खोल में मामला दर्ज किया है तथा फर्जीवाड़े में इस्तेमाल वैगनआर को भी कब्जे में ले लिया है। गत 22 जुलाई को ट्रैफिक पुलिस टीम खोरी फ्लाईओवर के पास वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान नारनौल से रेवाड़ी की ओर आती हुई एक सफेद रंग की वैगनआर कार दिखाई दी। पुलिस टीम ने संदेह के आधार पर गाड़ी को रुकवाया और चालक से वाहन के कागजात मांगे। कार चालक कोई भी दस्तावेज दिखाने में असमर्थ रहा। पुलिस पूछताछ में चालक ने अपना नाम दीपक निवासी गांव खोल बताया।







रेवाड़ी। गिरफ्तार किया गया आरोपी दीपक, पुलिस की ओर से जब्त की गई फर्जी नंबर प्लेट लगी कार। फोटो : हरिभूमि

### फर्जी नंबर प्लेट की पहले से दर्ज थी शिकायत

फर्जी नंबर प्लेट के संदर्भ में गत 16 जुलाई को ट्रैफिक थाने में असली गाड़ी मालिक की ओर से शिकायत भी दी गई थी। मालिक ने बताया था कि कोई अज्ञात व्यक्ति उनकी गाड़ी का नंबर इस्तेमाल कर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर घूम रहा है। जब ट्रैफिक पुलिस ने पकड़ी गई वैगनआर कार के चेसिस नंबर की जांच की, तो वाहन का असली रजिस्ट्रेशन नंबर अन्य पाया गया। पुलिस पूछताछ के दौरान आरोपी दीपक ने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि उसने फाइनेंस कंपनी के चंगुल और अपनी गाड़ी की धरपकड़ से बचाने के लिए उस पर फर्जी नंबर प्लेट लगा रखी थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए पौधरोपण करना अत्यंत आवश्यक



रेवाड़ी। राजकीय बहुतकनीकी संस्थान लिसाना में वीरवार को भारत सरकार एवं हरियाणा सरकार की ओर से संचालित एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्थान के प्रधानाचार्य सुखवीर यादव के नेतृत्व में सभी स्टाफ सदस्यों ने परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए तथा उनके संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा प्रत्येक व्यक्ति को अपनी माता के सम्मान में एक पौधा लगाकर प्रकृति के संरक्षण में योगदान देने के लिए प्रेरित करना था। इस मौके पर प्रधानाचार्य ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। वर्तमान समय में पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए अधिकाधिक पौधरोपण करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी सदस्यों से लगाए पौधों की नियमित देखभाल करने तथा समाज में भी पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में कॉलेज के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सहयोग दिया।

## पीड़ित बच्चे की पहचान मीडिया या सार्वजनिक रूप से करना अपराध



रेवाड़ी। कार्यक्रम में सीजेएम का स्वागत करते शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

**उच्चतम न्यायालय के टोल फ्री नंबर 15100 पर कॉल करके फ्री कानूनी सहायता ली जा सकती**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डा. रेनु सोलखे के मार्गदर्शन में वीरवार को शहीद ज्ञान सिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव भाकली में पोक्सो एक्ट 2012 के बारे में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस मौके पर सीजेएम डा. सोलखे ने बच्चों को पोक्सो एक्ट 2012 के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पोक्सो एक्ट 2012, 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को यौन शोषण, उत्पीड़न और अश्लीलता से बचाने के लिए है। इस एक्ट के तहत पीड़ित बच्चे की पहचान मीडिया या सार्वजनिक रूप से करना कानूनी अपराध है। सब डिविजनल लीगल सर्विस कमेटी कोसली से पैनल अधिवक्ता ममता यादव तथा पवन कुमार ने बच्चों को उनके कानूनी अधिकार एवं कर्तव्य तथा बच्चों के लिए नालसा की मुफ्त कानूनी सहायता के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से हेल्पलाइन नंबर 01274-220062 चलाया हुआ है, जिस पर आमजन किसी भी प्रकार के कानूनी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

इसके अलावा उच्चतम न्यायालय के टोल फ्री नंबर 15100 पर कॉल करके फ्री कानूनी सहायता ली जा सकती है। इस मौके पर सीजेएम ने विद्यार्थियों तथा अध्यापकों के साथ पौधरोपण भी किया। इस अवसर पर स्कूल प्राचार्य, अध्यापकगण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संदीप कुमार, सत्य प्रकाश तथा सब डिविजनल लीगल सर्विस कमेटी कोसली से दिव्या व विद्यार्थी उपस्थित थे।

### वन्य प्राणी विभाग की टीम ने पोस्टमार्टम करवाया

# पातुहेड़ा में पेड़ में फंसकर मोर की मौत, जमीन में दबाया

**सूचना मिलने के बाद वाइल्ड लाइफ इंस्पेक्टर चरण सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

पातुहेड़ा गांव में बुधवार की रात प्राइमरी स्कूल में खड़े पेड़ में फंसकर एक मोर की मौत हो गई। वन्य प्राणी विभाग की टीम ने पोस्टमार्टम कराने के बाद मोर को राजकीय सम्मान के साथ जमीन में दबवा दिया। रात को एक मोर का पैर पेड़ की टहनियों में फंस गया। काफी देर तक छटपटाने के बाद मोर ने दम तोड़ दिया। वीरवार सुबह जब स्कूल का स्टाफ पहुंचा तो मोर पेड़ पर मृतावस्था में फंसा हुआ था। स्कूल स्टाफ ने इसकी सूचना वन्य प्राणी विहार झाबुआ को दी। सूचना मिलने के बाद वाइल्ड लाइफ इंस्पेक्टर चरण सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। मोर को पेड़ से नीचे उतारकर चेक किया तो वह दम तोड़ चुका था। इसके बाद मोर का अस्पताल ले जाकर पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे तिरंगे में लपेटकर जमीन में दबा दिया गया। इंस्पेक्टर चरण सिंह ने बताया कि मोर का एक पैर पेड़ की दो टहनियों के बीच फंसकर खराब हो गया था। इसके बाद मोर ने टहनियों से निकलने के लिए काफी प्रयास किए। बाद में उसने दम तोड़ दिया।

### राष्ट्रीय पक्षी को दिया जा रहा सम्मान

वन्य प्राणी विभाग की ओर से मौत होने के बाद राष्ट्रीय पक्षी को पूरा सम्मान दिया जाता है। मोर को तिरंगे में लपेटकर पोस्टमार्टम करवाया जाता है। उसके बाद सम्मान के साथ उसे जमीन में दबाया जाता है। इससे पूर्व निमोठ गांव में भी गत दिनों एक मोर की मौत हो गई थी। उसे भी सम्मान के साथ जमीन में दबाया गया था।



### बावल में मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना मेला 26 को

रेवाड़ी। अंत्योदय परिवारों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 26 जुलाई को बावल में मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेले का आयोजन होगा। यह मेला नगर पालिका बावल परिसर में आयोजित होगा। एडीसी राहुल मोदी ने मेले के सफल संचालन के लिए सभी विभागों के अधिकारियों को आपसी तालमेल के साथ कार्य करने के निर्देश दिए है। उन्होंने बताया कि मेले में सभी विभागों के अधिकारी अपनी-अपनी योजनाओं से संबंधित प्रचार सामग्री एवं दस्तावेजों की जानकारी उपलब्ध कराएंगे, साथ ही पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ भी मौके पर दिया जाएगा। राहुल मोदी ने बताया कि मेले के लिए बावल क्षेत्र के 18 गांवों व नगर पालिका बावल के वार्डों के 3074 पात्र परिवारों की पहचान की गई है।

## खबर संक्षेप

### धनौंदा गांव में घर में घुसकर जानलेवा हमला

**कनीना।** शहर थाना अंतर्गत गांव धनौंदा में एक महिला पर घर में घुसकर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने चार नामजद आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। शिकायत में पीड़िता सुषमा धनौंदा बताया कि वह अपने घर पर सो रही थी। उसी दौरान आरोपित धर्मबीर, उसकी पत्नी सोमवती के अलावा संजय व उसकी पत्नी सुजाता निवासी कालूवाला घर में घुसे ओर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गई। शहर थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### मौड़ी में खेत से 16 नोजल चोरी

**कनीना।** गांव मौड़ी में बीती रात खेतों से सिंचाई के 16 फव्वारा नोजल चोरी होने की घटना सामने आई है। किसान अशोक कुमार व उसके भाई शीशराम ने सदर थाना को दी लिखित शिकायत में बताया कि 22 जुलाई की शाम तक उनके खेत में नोजल सुचारू रूप से चल रहे थे। किसान ने 23 जुलाई को सुबह खेत में जाकर देखा, तो नोजल गायब मिली। अज्ञात चोरों ने फसल सिंचाई के लिए खेत में लगाए गए 16 फव्वारा नोजल चोरी कर लिए।

### शिविर में 61 नागरिकों ने रखीं समस्याएं

**नारनौल।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार लगाए जा रहे समाधान शिविरों की कड़ी में वीरवार को 61 नागरिकों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखी। इस अवसर पर नगराधीश डॉ. मंगल सेन ने शिकायतें सुनी। शिविर में मुख्य रूप से परिवार पहचान पत्र, प्रॉपर्टी आईडी, बिजली-पानी, पुलिस संबंधी शिकायतें प्राप्त हुईं। इस मौके पर डीएसपी भारत भूषण सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### कार ने बाइक सवार पिता पुत्र को मारी टक्कर

**कनीना।** सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार पिता-पुत्र को टक्कर मार दी, जिससे घायल हो गए। पुलिस ने हादसे के आरोपित चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस बारे में दौंगड़ा जाट के निवासी गोवर्धन ने शिकायत में बताया कि वह अपने बेटे संदीप के साथ बाइक पर सवार होकर मकान की छत के लिए गाटर-पट्टी देखने भालखी गए थे। वापसी के दौरान भालखी ढाणी के पास सामने से आ रही एक कार के चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में पिता-पुत्र दोनों सड़क पर गिर गए। बाइक चला रहे संदीप के पैर और आंख में काफी चोटें आईं।

### नारनौल के सभागार में मेला 26 को

**नारनौल।** मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत क्षेत्र के जरूरतमंद परिवारों को स्वावलंबी और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से 26 जुलाई को सभागार में मेले का आयोजन किया जाएगा। अतिरिक्त उपायुक्त तरुण पावरिया ने बताया कि मेले को सफल बनाने व अंत्योदय की भावना को धरातल पर उतारने के लिए विशेष तैयारियां की जा रही हैं।

---

स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के प्रयास से कनीना व अटेली के लोगों को मिल रहीं बेहतर बुनियादी सुविधाएं


# कनीना अस्पताल में दूरबीन से होंगे ऑपरेशन, उनिंदा में 15.87 करोड़ रुपये के रेस्ट हाउस का भेजा प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कनीना/मंडी अटेली

अटेली विधानसभा के लिए अच्छी खबर है। यहां की स्थानीय विधायक एवं प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने अटेली व कनीना दोनों जगह विकास कार्य करवाने का प्रयास जारी है। कनीना उप नागरिक अस्पताल में जहां दूरबीन, लैप्रोस्कोपिक तकनीक से ऑपरेशन किए जा सकेंगे। वहीं अटेली के पास गांव उनिंदा में रेस्ट हाउस का प्रस्ताव प्रशासनिक स्वीकृति के लिए भेजा है, इस भवन पर 15.87 करोड़ की राशि खर्च की जाएगी।

### लैप्रोस्कोपिक तकनीक से हो सकेंगे ऑपरेशन

उप नागरिक अस्पताल ने आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा में बड़ी उपलब्धि शुरू होने जा रही है। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के प्रयासों से इस अस्पताल में दूरबीन, लैप्रोस्कोपिक तकनीक से ऑपरेशन किए जा सकेंगे। एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. चंद्रशेखर द्वारा कार्यभार संभालने और अत्याधुनिक 'ड्रेगर एटलान ए-100' एनेस्थीसिया वर्कस्टेशन के स्थापित होने से यहां का ऑपरेशन थिएटर अब पूरी तरह से आधुनिक सुविधाओं से लैस हो गया है। इस नई सुविधा के शुरू होने के बाद क्षेत्र के हजारों मरीजों को अब गॉलब्लैडर (पित्त की थैली), हर्निया, अपेंडिक्स, हड्डी रोग और स्त्री एवं प्रसूति रोगों की जटिल सर्जरी के लिए रेवाड़ी, नारनौल या गुरुग्राम जैसे बड़े शहरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। दूरबीन तकनीक से छोटे चीरे के जरिए सुरक्षित ऑपरेशन होंगे, जिससे मरीजों को दर्द कम होगा, संक्रमण का खतरा घटेगा और वे जल्दी स्वस्थ होकर घर लौट सकेंगे। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने बताया कि अस्पताल में रोजाना करीब 1000 मरीजों की ओपीडी दर्ज की जा रही है। कनीना और आसपास के गांवों से आने वाले मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए सुविधाओं का निरंतर विस्तार हो रहा है। अस्पताल में अब विशेषज्ञों की एक मजबूत टीम है, जिसमें सर्जन डॉ. हेमंत नागर, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. धर्मेंद्र, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सुधीर, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. कोमल गहलोत और फैमिली मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. साक्षी मलिक अपनी बेहतरीन सेवाएं दे रहे हैं।



कनीना। कनीना अस्पताल में स्थापित अत्याधुनिक मशीन के साथ चिकित्सकों की टीम। फोटो : हरिभूमि

### रेस्ट हाउस को जल्द मिलेगी मंजूरी

**मंडी अटेली।** अटेली विधानसभा क्षेत्र के गांव उनिंदा में लगभग 15.87 करोड़ रुपये की लागत से एक अत्याधुनिक रेस्ट हाउस बनाया जाएगा। यह जानकारी प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने दी। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि इस परियोजना का प्रस्ताव तैयार कर प्रशासनिक स्वीकृति के लिए भेज दिया गया है, जिसे जल्द ही मंजूरी मिलने की उम्मीद है। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि लोक निर्माण विभाग (भवन एवं सड़कें) की ओर से इस विश्राम गृह की विस्तृत लागत योजना तैयार की गई है, जिसकी कुल अनुमानित लागत 1587.16 लाख रुपये है। इसमें मुख्य भवन निर्माण के साथ-साथ सभी प्रकार के बिजली और तकनीकी कार्य शामिल हैं। परियोजना की तकनीकी जांच प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और अब प्रशासनिक स्तर पर औपचारिक मंजूरी मिलने के बाद इसका निर्माण कार्य तेजी से शुरू करा दिया जाएगा। आरती सिंह राव ने बताया कि इस आधुनिक विश्राम गृह के बनने से अटेली क्षेत्र में सरकारी बैठकों, प्रशासनिक कार्यक्रमों और सार्वजनिक आयोजनों के लिए एक बेहतर स्थान उपलब्ध हो सकेगा। इससे जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और स्थानीय नागरिकों को काफी सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य विकास कार्यों को केवल बड़े शहरों तक सीमित न रखकर गांवों तक आधुनिक ढांचा तैयार करना है।

---

## भाजपा जिलाध्यक्ष ने निष्पक्ष जांच का दिया आश्वासन

# एसडीएम छुट्टी पर, वकील बोले तबादले तक जारी रहेगा संघर्ष

जिला बार एसोसिएशन के बैनर तले वकीलों का धरना चौथे दिन भी जारी रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

जिला बार एसोसिएशन के बैनर तले शुरू किया गया वकीलों का धरना चौथे दिन वीरवार को भी जारी रहा। वकीलों ने कहा कि जब तक एसडीएम रेवाड़ी का तबादला नहीं होता तब तक धरना-प्रदर्शन जारी रखेंगे। वही विवाद के चलते एसडीम सुरेश कुमार को छुट्टी पर भेज दिया गया है और उनकी जगह सीटीएम जितेन्द्र कुमार को चार्ज दिया गया है। इस सूचना पर अधिवक्ताओं ने कहा कि जब तक एसडीएम का तबादला नहीं किया जाता तब तक धरना जारी रहेगा।

वीरवार को इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय से आए छात्र संगठन ने धरना स्थल पर पहुंचकर वकीलों को अपना समर्थन दिया। वहीं जिला भाजपा अध्यक्ष वंदना पोपली भी धरना स्थल पर पहुंची। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे एसडीएम का तबादला ही नहीं बल्कि, उनकी ओर से दिए गए निर्णयों की निष्पक्ष की जांच करने के आदेश भी मुख्यमंत्री से पारित कराएंगी। उन्होंने वकीलों को भरोसा दिलाया कि वे शीघ्र ही मुख्यमंत्री से बातचीत कर उनकी मांग पूरी कराने की कोशिश करेंगी।

इस मौके जिला बार एसोसिएशन के प्रधान विश्वामित्र यादव ने गढ़ी अलावलपुर गांव के एक मामले में पक्षपात का आरोप लगाते हुए बताया कि एसडीएम ने इस मामले में एक बड़े नेता को लाभ पहुंचाने के लिए गांव वालों से अलग निर्णय दिया है। यह करीब 8 एकड़ बेसकीमती जमीन का मामला है, जो काफी लंबे समय से विवादित चल रहा था, लेकिन आदेश के बाद जब तहसीलदार ने इसका इंतकाल नहीं किया तो भी एसडीएम ने दबाव बनाकर इंतकाल चढ़ाने के निर्देश दिए। इस मामले में ग्रामीणों ने कमिश्नर की अदालत में अपील भी की हुई है। प्रधान ने आरोप लगाया कि एसडीएम के खिलाफ हांसी में एक आपराधिक मामला दर्ज है, जिसमें गैर जमानती वारंटी जारी हुए हैं।



रेवाड़ी। कोर्ट परिसर में धरने पर बैठे वकील। फोटो : हरिभूमि

### धरना स्थल पर ये रहे मौजूद

धरना स्थल पर पूर्व प्रधान एवं जिला प्रमुख सतीश यादव, एसएन वशिष्ठ, अमरजीत यादव, डीपी नंदवानी, मोनू राव, राजकुमार गेरा, मुकेश रंगा, नरेश कुमार यादव, अमर सिंह यादव, ललिता भारती, भाग्येश यादव, सौरभ राव, निगेश शर्मा, अश्वनी तिवारी, त्रिलोक चंद, अनिल अत्री, उपाध्यक्ष सुमन यादव, सचिव मनोज कुमार, सहसचिव मोनू व कोषाध्यक्ष चिराग शर्मा सहित सैकडों अधिवक्ता मौजूद थे।

---

## साउथ रेंज आईजी ने ली जिले की अपराध समीक्षा बैठक

# हत्या, लूट और डकैती के अपराधियों के खिलाफ तुरंत एक्शन लें: आईजी

अपराध नियंत्रण और जन-सुरक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

वीरवार को पुलिस महानिरीक्षक साउथ रेंज ओमप्रकाश नरवाल जिला लघु सचिवालय पहुंचे। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने आईजी का स्वागत किया तथा गार्द ने को जनरल सलामी दी। इसके बाद लघु सचिवालय स्थित सभागार में अपराध समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले की कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण और जन-सुरक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। एसपी मीणा ने जिले में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए किए गए पुलिस के प्रयासों की रिपोर्ट पेश की। इस मौके पर आईजी नरवाल ने कहा कि हत्या, लूट और डकैती जैसे गंभीर व जघन्य अपराधों में शामिल अपराधियों के खिलाफ बिना किसी देरी के तुरंत एक्शन लिया जाए। उन्होंने पुलिस-पब्लिक संबंधों को बेहतर बनाने और अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए गश्त और मुस्तैद नाकेबंदी बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नाकों पर संदिग्ध वाहनों की गहन जांच करें तथा गश्त में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

आईजी ने निर्देश दिए कि प्रत्येक लंबित मामले का कारण चिन्हित कर तय समयावधि में निष्पक्ष व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए, ताकि आमजन का न्याय प्रणाली में विश्वास मजबूत बना रहे। जिले के मोस्ट वांटेड, इनामी अपराधियों, बेल जंपरों और उदघोषित अपराधियों को जल्द से जल्द सलाखों के पीछे भेजा जाए।





रेवाड़ी। पुलिस अधिकारियों की बैठक लेते आईजी नरवाल।

### कांवड़ यात्रा को लेकर दिए विशेष निर्देश

आईजी नरवाल ने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरती जाए और यात्रा मार्गों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाए। यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने तथा सभी विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित माहौल में यात्रा संपन्न कराई जाए। बैठक में डीएसपी मुख्यालय संजीव बल्हारा, डीएसपी बावल सुरेंद्र श्योराण व डीएसपी ट्रैफिक पवन कुमार सहित जिले के सभी थाना प्रबंधक, सीआईए इंचार्ज और पुलिस शाखाओं के प्रभारी उपस्थित थे।

---

### एसआईआर अभियान के तहत गणना प्रपत्र जमा कराने की अंतिम तिथि आज

**रेवाड़ी।** विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 अभियान के तहत गणना प्रपत्र जमा कराने की अंतिम तिथि 24 जुलाई है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी अभिषेक मीणा ने अपील करते हुए कहा कि जिन मतदाताओं ने गणना प्रपत्र अपने संबंधित बीएलओ को जमा नहीं कराए हैं वें समय रहते गणना प्रपत्र जमा करा दें। डीसी ने बीएलओ को निर्देश दिए कि कि वे कार्य में और अधिक तेजी लाकर विशेष गहन पुनरीक्षण को शत प्रतिशत पूरा करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गणना प्रपत्र का समयबद्ध संग्रहण, डिजिटाइजेशन तथा पोर्टल पर अपलोड किया जाए। किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची से नहीं छूटना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी मतदाता 31 जुलाई को प्रारंभिक मतदाता सूची प्रकाशित होने के बाद अपने नाम और अन्य विवरणों की सावधानीपूर्वक जांच अवश्य करें। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का शुद्ध, त्रुटिरहित एवं सटीक होना लोकतंत्र की मजबूती का आधार है।

---



रेवाड़ी। ग्रामीणों को जानकारी देते हुए एएसआई। फोटो : हरिभूमि

### नशा शरीर ही नहीं, बल्कि जीवन और समाज के लिए भी जहर: जितेन्द्र

**रेवाड़ी।** जिला पुलिस की ओर से नशा मुक्ति और समाजिक जागरूकता की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे है। नशा मुक्ति टीम ने वीरवार को अभियान के दौरान गांव लिसाना व गंगायचा जाट में ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों, साइबर अपराधों व ट्रैफिक नियमों को लेकर जागरूक किया। इस मौके पर एएसआई जितेन्द्र कुमार ने कहा कि नशा शरीर ही नहीं, बल्कि जीवन और समाज के लिए भी जहर है। युवाओं को पढ़ाई, खेल और अपने सपनों में ध्यान लगाकर नशे जैसी बुरी आदतों से हमेशा दूर रहना चाहिए। पुलिस टीम ने ग्रामीणों को साइबर अपराधों से बचाव के टिप्स भी दिए। उन्होंने कहा कि आजकल अपराधी फोन कॉल, सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से व्यक्तिगत जानकारी जैसे ओटीपी व पासवर्ड हासिल करने की कोशिश करते हैं।

---

# कांवड़ मेला: 4 रेल सेवाओं का होगा रायवाला मोतीचूर व ज्वालापुर स्टेशनों पर अस्थायी ठहराव

- यात्रियों की संख्या में बढ़ोतरी को देखते हुए रेलवे की ओर से लिया गया फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

रेलवे की ओर से कांवड़ मेले के अवसर पर अतिरिक्त यात्री यातायात को ध्यान में रखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए 4 रेलसेवाएं रायवाला, मोतीचूर व ज्वालापुर स्टेशनों पर 2 मिनट का अस्थाई ठहराव दिया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन ने बताया कि गाड़ी संख्या 19565 ओखा-देहरादून साप्ताहिक एक्सप्रेस रेलसेवा 30 जुलाई से 13 अगस्त तक ज्वालापुर स्टेशन पर शाम 3:53 बजे आगमन व 3:55 बजे प्रस्थान, मोतीचूर स्टेशन पर शाम 5 बजे आगमन व 5:02 बजे प्रस्थान तथा रायवाला स्टेशन पर शाम 5:35 बजे आगमन व 5:37 बजे प्रस्थान करेगी।

गाड़ी संख्या 14815 श्रीगंगानगर-ऋषिकेश प्रतिदिन एक्सप्रेस रेलसेवा 30 जुलाई से 13 अगस्त तक ज्वालापुर स्टेशन पर दोपहर 1:24 बजे आगमन व 1:26 बजे प्रस्थान, मोतीचूर स्टेशन पर दोपहर 1:54 बजे आगमन व 1:56 बजे प्रस्थान तथा रायवाला स्टेशन पर दोपहर 2:16 बजे आगमन व 2:18 बजे प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 19566 देहरादून-ओखा साप्ताहिक एक्सप्रेस रेलसेवा 30 जुलाई से 13 अगस्त तक ज्वालापुर स्टेशन पर सुबह 7:52 बजे आगमन व 7:54 बजे प्रस्थान, मोतीचूर स्टेशन पर सुबह 7:24 बजे आगमन व 7:26 बजे प्रस्थान तथा रायवाला स्टेशन पर सुबह 7:08 बजे आगमन व 7:10 बजे प्रस्थान करेगी।

गाड़ी संख्या 14816 ऋषिकेष-श्रीगंगानगर प्रतिदिन एक्सप्रेस रेलसेवा 30 जुलाई से 13 अगस्त तक ज्वालापुर स्टेशन पर दोपहर 2:28 बजे आगमन व 2:30 बजे प्रस्थान, मोतीचूर स्टेशन पर 2:02 बजे आगमन व 2:04 बजे प्रस्थान तथा रायवाला स्टेशन पर 1:35 बजे आगमन व 1:37 बजे प्रस्थान करेगी।

---

### डॉ. मुकुट अग्रवाल को तीसरी बार मिला एबीवीपी के नगर अध्यक्ष का दायित्व

**रेवाड़ी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की बैठक किशनलाल पब्लिक कॉलेज के सभागार में आयोजित की गई, जिसमें नगर कार्यकारिणी की घोषणा की गई। इस अवसर पर प्रांत कार्यकारिणी सदस्य एवं विभाग संयोजक युधिष्ठिर धनखड़ ने नगर कार्यकारिणी के विभिन्न दायित्वों की घोषणा की, जिसमें डा. मुकुट अग्रवाल को लगातार तीसरी बार नगर अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। विवान को नगर मंत्री, कोमल को नगर सहमंत्री तथा राजश्री वशिष्ठ को एसएफडी जिला संयोजक का दायित्व प्रदान किया गया। इनके अलावा निखिल, मोहित सहित 15 अन्य कार्यकर्ताओं को संगठन के विभिन्न दायित्व सौंपे गए। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित एबीवीपी प्रांत सहमंत्री एवं जिला संगठन मंत्री परमिंदर सैनी ने संगठन के इतिहास, उद्देश्यों एवं कार्यपद्धति पर से प्रकाश डाला।



रेवाड़ी। एबीवीपी के नवनियुक्त पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

---

## सरकारी अफसर बताकर कोई बैंक की जानकारी मांगे तो हो जाएं सतर्क

# एसआईआर के नाम पर जाल में फंसा रहे साइबर ठग

सोशल मीडिया के जरिए लोगों को डराकर और लालच देकर शिकार बना रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा ने एसआईआर के नाम पर सक्रिय साइबर ठगों से बचाव को लेकर आमजन को सतर्कता बरतने की सलाह दी है। एसपी ने बताया कि साइबर अपराधी इन दिनों स्वयं को किसी सरकारी विभाग, वरिष्ठ अधिकारी, पुलिस, सीबीआई, ईडी अथवा अन्य जांच एजेंसी का अधिकारी बताकर लोगों को अपने जाल में फंसा रहे हैं। ठग फोन कॉल, व्हाट्सएप, एसएमएस और सोशल मीडिया के माध्यम से संपर्क कर लोगों को डराकर या लालच देकर उनकी व्यक्तिगत एवं बैंकिंग संबंधी गोपनीय जानकारी हासिल करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि ठग लोगों को यह कहकर भ्रमित करते हैं कि उनका बैंक खाता, मोबाइल नंबर, आधार कार्ड अथवा अन्य दस्तावेज किसी अवैध गतिविधि में इस्तेमाल हुए हैं या उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई होने वाली है। इसके बाद तथा कथित सत्यापन, केवाईसी अपडेट, खाते को सुरक्षित करने या जांच के नाम पर ओटीपी, बैंक खाते का विवरण, एटीएम कार्ड नंबर, सीवीवी, पिन नंबर तथा नेट बैंकिंग पासवर्ड जैसी गोपनीय जानकारी मांगी जाती है। कई मामलों में साइबर अपराधी मोबाइल में स्क्रीन शेयरिंग या रिमोट एक्सेस ऐप डाउनलोड कराकर सीधे बैंक खातों से रकम निकाल लेते हैं।

### साइबर ठगी से बचने के लिए बरतें सावधानी



एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा।

एसआईआर या किसी भी सरकारी अधिकारी के नाम से आने वाले संदिग्ध फोन, संदेश या व्हाट्सएप कॉल पर तुरंत विश्वास न करें। किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें तथा किसी अज्ञात व्यक्ति की ओर से भेजा गया एप डाउनलोड न करें। ओटीपी, यूपीआई पिन, एटीएम कार्ड नंबर, सीवीवी, नेट बैंकिंग पासवर्ड या अन्य गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें। किसी भी प्रकार के दबाव, धमकी या लालच में आकर राशि ट्रांसफर न करें। सोशल मीडिया पर प्राप्त किसी भी संदिग्ध लिंक, संदेश या ऑफर पर बिना जांच किए कार्रवाई न करें।

### इन संकेतों से रहें सावधान

सरकारी अधिकारी बनकर कार्रवाई या गिरफ्तारी की धमकी देना। बैंक खाता, मोबाइल नंबर या आधार कार्ड अवैध गतिविधि में इस्तेमाल होने का दावा करना। ओटीपी, यूपीआई पिन, बैंक विवरण या अन्य गोपनीय जानकारी मांगना। स्क्रीन शेयरिंग या रिमोट एक्सेस ऐप डाउनलोड करवाने के लिए कहना। जल्दबाजी में लिंक खोलने या तुरंत पैसे भेजने का दबाव बनाना। एसपी ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति इस प्रकार की साइबर ठगी का शिकार हो जाए या ऐसी किसी गतिविधि का संदेह हो तो बिना समय गंवाए राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करें अथवा साइबरक्रसइम.जीओवी.इन पर तुरंत शिकायत दर्ज कराएं।

---

### महेंद्रगढ़ बार का बहिष्कार जारी, वर्क रखा सस्पेंड

**महेंद्रगढ़।** बार एसोसिएशन की ओर से वीरवार को सब डिवीजनल जुडिशल मजिस्ट्रेट विक्रांत की अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में न्यायिक अधिकारी मोहित सिंह डाबड़ एवं परविंद्र सिंह सहित बार एसोसिएशन के प्रधान संदीप यादव, कार्यकारिणी सदस्य तथा बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे। बार एसोसिएशन के प्रधान संदीप यादव ने बताया कि बैठक में एसपी तथा महेंद्रगढ़ के उपमंडल अधिकारी एसडीएम को भी उपस्थित होना था, लेकिन उनके बैठक में नहीं पहुंचने के कारण वर्क सस्पेंड समाप्त करने को लेकर कोई निर्णय नहीं हो सका। बार एसोसिएशन ने निर्णय लिया है कि जब तक उनकी मांगों पर उचित कार्रवाई नहीं होती, तब तक तहसीलदार, एसडीएम महेंद्रगढ़ तथा संबंधित मामलों को लेकर अदालतों का बहिष्कार और वर्क सस्पेंड अनिश्चितकाल तक जारी रहेगा। संदीप यादव ने बताया कि एसडीएम महेंद्रगढ़ तथा पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली को लेकर अधिवक्ताओं में लंबे समय से असंतोष है। इसी के विरोध में बार एसोसिएशन ने पहले ही अदालतों के बहिष्कार और अनिश्चितकालीन वर्क सस्पेंड का निर्णय लिया था, जिसे अब भी जारी रखने का फैसला किया गया है।

### बंद रोडवेज रूटों को शुरू कराने के लिए सौंपा पत्र

**महेंद्रगढ़।** चरखी दादरी डिपो द्वारा कई वर्षों से संचालित तीन प्रमुख बस सेवाओं के बंद होने से महेंद्रगढ़ जिले के यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इन बस सेवाओं को दोबारा शुरू करवाने की मांग को लेकर स्थानीय लोगों ने गुरुवार को उपायुक्त महोदय को एक मांग पत्र सौंपा है।


**सरपंच ग्राम पंचायत नैनसुखपुरा**
ब्लॉक जाटूसाना, जिला रेवाड़ी

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत नैनसुखपुरा खण्ड जाटूसाना, जिला रेवाड़ी में पंचायत स्तर पर डोर टू डोर कचरे का नियमानुसार संग्रहण एवं निपटान करना है। कार्य करने की इच्छुक फर्म अपनी कुटेशन सरपंच ग्राम पंचायत नैनसुखपुरा के पास 28.07.2026 तक जमा करवा सकती है। बाद में कोई भी कुटेशन स्वीकार नहीं होगी।

हस्ता/- हरि सिंह प्रधान, सरपंच
ग्राम पंचायत नैनसुखपुरा खण्ड जाटूसाना (रेवाड़ी), मो. 9416711209

### दो दिन की लगातार बरसात ने बिगाड़ दी शहर की सूरत, पानी में गड्ढे नजर नहीं आने से बढ़ी हादसों की आशंका

# डीसी साहब सड़कों पर भी ध्यान दो, बारिश में गड्ढे कर रहे परेशान, नहीं मिल रहा सुरक्षित सफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

बरसात के कारण शहर पूरी तरह बदहाली की ओर अग्रसर हो चुका है। शहर की सड़कों पर जगह-जगह जलभराव होने से गंदगी व कीचड़ हो गया है, वही जगह-जगह गड्ढों के कारण शहर की सड़कों पर सुरक्षित सफर करना भी मुश्किल हो गया है। शहर के सरकुलर रोड, कॉलोनियों व मुख्य मार्गों की सड़कें गड्ढों में तब्दील होकर लोगों के लिए आफत बनी हुई है। प्रशासन की ओर से लोगों के सफर को सुगम व सुरक्षित बनाने के दावे किए जा रहे है। बारिश में टूटी सड़कों के गड्ढे भरने के लिए पैचवर्क तक नहीं किया जा रहा है। प्रशासन की ओर से लंबे समय से सिर्फ जलभराव से निपटने व जर्जर सड़कों की मरम्मत करने के लिए विभागों को पुख्ता प्रबंध करने के निर्देश ही दिए जा रहे है, लेकिन धरातल पर कुछ नजर नहीं आ रहा है। पिछले दिनों पुराना कोर्ट रोड, सचिवालय रोड, सेक्टर-3 व गढ़ी बोलनी रोड सहित कई सड़कों पर तारकोल से पैचवर्क किया गया था, जोकि दो दिन की बरसात में फिर से गड्ढों में तब्दील हो गया है। पानी एकत्रित होने के बाद गड्ढे दिखाई नहीं देते, जिससे दुपहिया वाहन चालक हादसों के शिकार हो रहे हैं।

हरिभूमि सरोकार



रेवाड़ी। बरसात से बावल रोड पर हुए गड्ढे। फोटो : हरिभूमि

### सभी सड़कों की हो चुकी दयनीय हालत

शहर के करीब चार किलोमीटर के सरकुलर रोड पर काफी जगह गड्ढें बन गए है। इसके अलावा बावल रोड, नगर परिषद के सामने, नारनौल रोड, मिनी बाइपास, गढ़ी बोलनी रोड, दिल्ली रोड, मॉडल टाउन, ब्रास मार्केट, सेक्टर-3, सेक्टर-1 में लंबे समय से सड़कों पर ध्यान तक नहीं दिया जा रहा है। इन सड़कों पर बने गड्ढें लोगों के लिए आफत बने हुए है। यहां तक कि सचिवालय रोड पर भी गड्ढे हो चुके है। वही भाड़ावास गेट से बाजार की बनाई गई नई सड़क भी बिखरने लगी है।



### बावल रोड पर तीन दिन से जलभराव

बरसात के कारण हाइवे की सड़क भी जर्जर अवस्था में आने लगी है। एनएच-48 के सर्विस रोड पर भी भारी-भरकम गड्ढे वाहन चालकों के लिए परेशानी बने हुए है। वहीं शहर के बावल रोड की हालत सबसे ज्यादा खराब हो चुकी है। बावल रोड की सड़क का लंबे समय निर्माण नहीं किया जा रहा है। इस मार्ग पर भारी-भरकम गड्ढे हो चुके है, जोकि वाहन चालकों के लिए आफत बने हुए है। इस मार्ग पर तीन दिन से बरसाती पानी जमा है, लेकिन प्रशासन की ओर से पानी निकासी की व्यवस्था तक नहीं की जा रही है। पानी जमा होने से गड्ढों में फंसकर दोपहियां वाहन सवार चोटिल हो रहे है।



रेवाड़ी। पुराना कोर्ट रोड की सड़क पर हुए गड्ढे। फोटो : हरिभूमि

### दक्ष ने नीट में ऑल इंडिया स्तर पर पाया 414वां रैंक

**कोसली।** कोसली निवासी छात्र दक्ष ने नीट परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 414 तथा ओबीसी कैटेगरी में 122वां रैंक हासिल कर अपने परिजनों व गांव का नाम रोशन किया है। दक्ष ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी माता सुमित्रा देवी की मेहनत, पिता देवेंद्र के सहयोग, दादा-दादी के आशीर्वाद तथा अपने गुरुजनों के मार्गदर्शन को दिया है। जिला पार्षद एडवोकेट जीवन हितैषी ने बताया कि दक्ष शुरू से ही मेधावी और अनुशासित छात्र रहा है। उसकी कड़ी मेहनत, लगन और लक्ष्य के प्रति समर्पण का ही परिणाम है कि उसने देशभर में शानदार रैंक हासिल किया।



■ दक्ष ने कहा चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का प्रयास करेंगे

दक्ष ने कहा कि वे चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का प्रयास करेंगे। इस सफलता पर गांव के सरपंच रामकिशन जांगड़ा, विशाल नंबरदार, शक्ति, अजय, ऋषि, बग्गा राव, अमन सेठ व पंकज सहित अनेक लोगों ने दक्ष के उज्वल भविष्य की कामना की है।

### अंडर-14 ब्लॉक स्तरीय वालीबॉल स्पर्धा में ग्लैक्सी स्कूल ने मारी बाजी

**रेवाड़ी।** गांव करावरा मानकपुर स्थित ग्लैक्सी इंटरनेशनल स्कूल में छात्राओं की ब्लॉक स्तरीय वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के अंडर-14 वर्ग में ग्लैक्सी इंटरनेशनल की टीम विजेता रही। स्कूल डायरेक्टर एडवोकेट निशांत यादव ने बताया कि बुधवार को लड़कों की ब्लॉक स्तरीय लड़कों की प्रतियोगिता के बाद वीरवार को लड़कियों की स्पर्धा आयोजित हुई। उन्होंने सभी विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। इस मौके पर विद्यालय के कोच कार्तिक, प्रिंसिपल पूजा शर्मा, डायरेक्टर कमल सिंह व स्टॉफ सदस्य उपस्थित थे।

## विद्यार्थियों ने खंड स्तरीय प्रतियोगिताओं में दिखाई प्रतिभा



**रेवाड़ी।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीकानेर में प्राचार्य मनोज कुमार की अध्यक्षता तथा वरिष्ठ प्रवक्ता नीतू कुमारी के नेतृत्व में खंड स्तरीय निबंध लेखन, स्लोगन लेखन, पोस्टर मेकिंग, कार्टून मेकिंग एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में रेवाड़ी खंड के सभी क्लस्टरों से प्रथम स्थान प्राप्त विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का संचालन प्रवक्ता कांता लहकरा एवं अध्यापिका प्रिया ने किया। वहीं निर्णायक मंडल में अजय कुमार, मनीष कुमार, शर्मिला, सरिता, सुनीता व विजय रानी शामिल थे। इस अवसर पर प्राचार्य मनोज कुमार ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों की रचनात्मकता, अभिव्यक्ति क्षमता, तार्किक सोच एवं आत्मविश्वास को नई दिशा देती हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को निरंतर अभ्यास करते हुए भविष्य में जिला एवं राज्य स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। अध्यापक मुकेश कुमार ने सभी प्रतिभागियों, निर्णायकों एवं आयोजन में सहयोग देने वाले शिक्षकों का आभार व्यक्त किया।

■ प्रतिभागियों को जिला एवं राज्य स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया

### अंडर-17 खो-खो में जीएचएस जैतपुर और कबड्डी में आरपीएस की टीम बनी विजेता

**रेवाड़ी।** ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं के चौथे दिन वीरवार को अंडर-17 वर्ग कीं खो-खो और कबड्डी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिसमें खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। खो-खो और कबड्डी के मुकाबलों में खिलाड़ियों ने बेहतर तालमेल, फुर्ती और खेल कौशल का परिचय दिया। इस मौके पर अभिभावक और खेल प्रेमी भी मौजूद थे। ब्लॉक स्तर पर विजेता रहने वाले खिलाड़ी और टीमें आगामी जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में अपने ब्लॉक का प्रतिनिधित्व करेंगी।

**जैतपुर और आरपीएस की टीमों का रहा दबदबा** अंडर-17 बालक वर्ग की खेल प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन किया। खो-खो प्रतियोगिता में राजकीय उच्च विद्यालय जैतपुर की टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नंदरामपुर बास की टीम उपविजेता रही। वहीं अंडर-17 बालक वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता में आरपीएस रेवाड़ी की टीम विजेता और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय करनावास की टीम उपविजेता रही। एईओ भूपेन्द्र यादव ने कहा कि ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं अंतिम पड़ाव की ओर हैं। ब्लॉक स्तर के विजेता खिलाड़ी अब जिला स्तरीय प्रतियोगिता में अपने ब्लॉक का प्रतिनिधित्व करेंगे।



### देवशयनी एकादशी पर अनाजमंडी में श्री श्याम संकीर्तन कल

**रेवाड़ी।** नई अनाज मंडी स्थित शिव मंदिर में श्री श्याम श्रृंगार सेवा ग्रुप की ओर से देवशयनी एकादशी के अवसर पर 25 जुलाई को 131वें मासिक श्याम संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। संकीर्तन का समय शाम 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक रहेगा। श्री श्याम श्रृंगार सेवा ग्रुप से विजय अग्रवाल व रवि भट्ठेवाले ने बताया कि संकीर्तन में दिल्ली से भजन गायिका ट्विंकल शर्मा व गोकलगढ़ रेवाड़ी से संजय शर्मा अपने मधुर भजनों से बाबा श्याम की महिमा का गुणगान करेंगे। 26 जुलाई को द्वादशी के अवसर पर शिव मंदिर में सुबह 11 बजे से भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। श्री श्याम श्रृंगार सेवा ग्रुप के सदस्यों ने श्याम भक्तों से जागरण में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया है।





### यूथ रेडक्रॉस युवाओं में सेवा, अनुशासन, नेतृत्व एवं मानवीय मूल्यों के विकास का एक सशक्त मंचः कुलपति

**मीरपुर।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय की यूथ रेडक्रॉस की ओर से 5वीं एक्जीक्यूटिव कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. असीम मिगलानी ने की। इस मौके पर कुलपति प्रो. मिगलानी ने कहा कि यूथ रेडक्रॉस युवाओं में सेवा, अनुशासन, नेतृत्व एवं मानवीय मूल्यों के विकास का एक सशक्त मंच है। उन्होंने कमेटी के सभी सदस्यों से समाज के प्रत्येक वर्ग तक सेवा एवं जागरूकता कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से पहुंचाने का आह्वान किया। बैठक में यूथ रेडक्रॉस की आगामी गतिविधियों, सामाजिक सरोकारों व जनसेवा से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर आगामी समय में स्वास्थ्य जागरूकता, रक्तदान, आपदा प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्ति, युवा सशक्तिकरण तथा विभिन्न कम्युनिटी आउटरीज प्रोग्राम आयोजित करने की कार्ययोजना व नीतियों पर सहमति बनी। बैठक में जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव बिजेंद्र सिंह सोरोट, डा.. ज्योति यादव प्राचार्य राजकीय गर्ल्स कॉलेज, डा. तजीत प्राचार्य आरबीएस कॉलेज जैनाबाद, डा. नरेश राजकीय महाविद्यालय नारनौल, प्रो. समृद्धि तंवर, प्रो. अदिति शर्मा, प्रो. करण सिंह, डा. मुकेश यादव, डा. सुशांत यादव, डा. भारती, डा. प्रियंका, डा. पवन, डा. नवनीत, यदवेंद्र और विनीता उपस्थित थे।

कमेटी के सभी सदस्यों से समाज के प्रत्येक वर्ग तक सेवा एवं जागरूकता कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से पहुंचाने का आह्वान किया

## स्वच्छ हरियाणा-हरित हरियाणा विषय पर क्विज प्रतियोगिता में रिया बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

वन विभाग के तत्वावधान व प्राचार्य विनोद यादव के मार्गदर्शन में वीरवार को राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्वच्छ हरियाणा-हरित हरियाणा विषय पर क्विज एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षाविद मनोज वशिष्ठ ने किया। कार्यक्रम में राजकीय बाल विद्यालय रेवाड़ी, पीएमश्री राजकीय बालिका वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रेवाड़ी एवं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डहीना के कक्षा छठी से 12वीं तक के 105 विद्यार्थियों ने भाग लिया। क्विज में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के 67 विद्यार्थियों तथा चित्रकला में छठी से 8वीं तक के 10 विद्यार्थियों और 9वीं से 12वीं तक के 28 विद्यार्थियों ने भाग लिया। चित्रकला प्रतियोगिता के कक्षा 6वीं से 8वीं के वर्ग में राजकीय बालवरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रेवाड़ी से रितिक प्रथम, बाल विद्यालय से रितेश द्वितीय व आयुष कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा 9वीं से 12वीं के वर्ग में राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रेवाड़ी से अनिल ने प्रथम, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डहीना से अंजू ने द्वितीय और राजकीय कन्या विद्यालय रेवाड़ी से दीपांशी ने तीसरा स्थान हासिल किया। रेंज वन अधिकारी संदीप यादव, प्रेम सिंह, ईश्वर सिंह, बीएफओ अजय, बीएफओ मोहित व पीएमश्री राजकीय बालिका वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से शिक्षिका बबली उपस्थित थी।



### प्रतियोगिताओं के विजेता

इको क्विज प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डहीना से 12वीं की रिया ने प्रथम, डहीना स्कूल से 10वीं की छात्रा सुहाना ने द्वितीय व डहीना स्कूल से ही दसवीं की छात्रा विनीता शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## मां वैष्णो देवी पदयात्रियों का जत्था पहुंचा रेवाड़ी, श्रद्धालुओं ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

कारोली राजस्थान के हिंडौन से चलकर मां वैष्णो देवी जा रही 16वीं पदयात्रा का जत्था रेवाड़ी पहुंचा। शहर के आजाद चौक स्थित शिव मंदिर में पुजारी सुमन भारद्वाज की अगुवाई में पदयात्रियों का स्वागत किया गया। शाम के समय श्रद्धालुओं ने यात्रा को झज्जर के लिए रवाना किया। मां वैष्णो देवी भक्त मंडल के बैनर तले श्रद्धालुग 16 जुलाई को कारोली से चले थे। छठे दिन यह यात्रा रेवाड़ी पहुंची। यहां आजाद चौक स्थित शिव मंदिर में यात्रा का स्वागत किया गया। यात्रा की अगुवाई कर रहे मोहन बेनीवाल, गुड्डु सोनी व बीरबल ने बताया कि करीब 980 किलोमीटर की यह यात्रा वे करीब एक माह में पूरी करेंगे। पदयात्रियों की ओर से प्रतिदिन 35 से 40 किलोमीटर की यात्रा की जा रही है। यह उनकी 16वीं यात्रा है। पिछले 15 सालों से वे लगातार इस यात्रा को हर्षोल्लास के साथ संचालित करते आ रहे हैं। मंदिर के पुजारी पंडित सुमन भारद्वाज, दिनेश शर्मा व महेंद्र कोहली ने बताया कि पिछले कई वर्षों से इस यात्रा का मंदिर परिसर में स्वागत के साथ-साथ अन्य व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस यात्रा में 25 साल से लेकर 65 साल से अधिक आयु के श्रद्धालुगण शामिल हैं।



### तीन दिवसीय सीबीएसई क्लस्टर खो-खो टूर्नामेंट रविवार को

**रेवाड़ी।** लाखनौर स्थित विवेकानंद पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय सीबीएसई क्लस्टर गेम्स प्रतियोगिता का आयोजन होने जा रहा है। यह खेल महोत्सव 26 जुलाई से शुरू होकर 28 जुलाई तक चलेगा। तीन दिनों तक चलने वाले इस खेल महाकुंभ में मुख्य रूप से खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसमें अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्ग की टीमें भाग लेंगी। टूर्नामेंट में हरियाणा राज्य के विभिन्न सीबीएसई स्कूलों से खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। विद्यालय के निदेशक एडवोकेट सुधीर यादव ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों में न केवल खेल भावना और अनुशासन का विकास होता है, बल्कि उन्हें राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने का एक सशक्त मंच भी मिलता है। प्रतियोगिता का शुभारंभ 26 जुलाई को सुबह सांस्कृतिक कार्यक्रमों और ध्वजारोहण के साथ किया जाएगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 8291554800

### शोध परियोजना का संचालन विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के प्रो. सतीश कुमार मुख्य अन्वेषक के रूप में करेंगे

# फसल बीमा एवं किसानों की वित्तीय स्थिरता पर शोध के लिए आईजीयू को 13 लाख रुपये का अनुदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय को हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद की ओर से हरियाणा राज्य अनुसंधान निधि के अंतर्गत 13 लाख रुपये का शोध अनुदान स्वीकृत किया गया है। यह अनुदान फसल बीमा एवं किसानों की वित्तीय स्थिरताः विकसित भारत 2047 की परिकल्पना विषय पर आधारित शोध परियोजना के लिए प्रदान किया गया है। दो वर्ष की अवधि की इस शोध परियोजना का संचालन विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के प्रो. सतीश कुमार मुख्य अन्वेषक के रूप में करेंगे। परियोजना में वाणिज्य विभाग के प्रो. दीपक गुप्ता तथा कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग के प्रो. सतिंदर बल गुप्ता सह-अन्वेषक के रूप में अपना योगदान देंगे।

### 7.54 लाख की राशि स्वीकृत

हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद की ओर से परियोजना की प्रथम किस्त के रूप में 7.54 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। परियोजना की शेष अनुदान राशि शोध कार्य की संतोषजनक प्रगति, स्वीकृत धनराशि के उचित उपयोग तथा निर्धारित दिशा-निर्देशों की अनुपालना के आधार पर चरणबद्ध तरीके से जारी की जाएगी। शोध परियोजना का प्रमुख उद्देश्य किसानों की वित्तीय स्थिरता को मजबूत करने में फसल बीमा की भूमिका का गहन अध्ययन करना है। इसके साथ ही किसानों को प्राकृतिक आपदाओं, फसल हानि, बाजार मूल्य में उतार-चढ़ाव तथा अन्य कृषि जोखिमों से होने वाले आर्थिक नुकसान से बचाने में फसल बीमा योजनाओं की प्रभावशीलता का भी विश्लेषण किया जाएगा।

### कुलपति व कुलसचिव ने टीम को दी बधाई

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. असीम मिगलानी ने सभी शोधकर्ता टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह शोध परियोजना किसानों की वित्तीय सुरक्षा को सुदृढ़ करने, फसल बीमा योजनाओं को अधिक प्रभावी बनाने तथा कृषि क्षेत्र में सार्थक नीतिगत सुधारों के लिए उपयोगी सिद्ध होगी। शोध के माध्यम से यह जानने का प्रयास किया जाएगा कि वर्तमान फसल बीमा योजनाएं किसानों को किस सीमा तक आर्थिक सुरक्षा प्रदान कर रही हैं तथा इन योजनाओं के क्रियान्वयन में किसानों को किन समस्याओं और चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। कुलसचिव प्रो. दिलबाग सिंह, अधिष्ठाता शैक्षणिक मामले प्रो. सुनील कुमार तथा निदेशक शोध प्रो. पंकज त्यागी ने भी शोधकर्ताओं को बधाई दी।



रेवाड़ी। आईजीयू की शोधकर्ता टीम के सदस्य।

### यादव सभा की मासिक बैठक व निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कैंप 26 को

**रेवाड़ी।** यादव कल्याण सभा की ओर से 26 जुलाई को गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्रीकृष्ण भवन में मासिक बैठक व निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। सभा के प्रवक्ता प्रो. सतीश यादव ने बताया कि शिविर सुबह 9 से 11 बजे के दौरान आयोजित किया जाएगा, जिसमे मरीजों को ओपीडी सेवाएं व फ्री दवाईयां प्रदान की जाएगी। शिविर में अनुभवी डॉक्टरों की टीम मेडिसन, हड्डी रोग, सर्जरी, नेत्र रोग, दंत रोग व स्त्री रोग में ओपीडी सेवाए प्रदान करेंगे। कैंप में फिजियोथेरेपी की सेवाएं भी दी जाएगी। प्रवक्ता ने बताया कि मेडिकल कैंप के बाद 11 बजे यादव कल्याण सभा की मासिक बैठक प्रधान रामबीर यादव की अध्यक्षता व महंत लाल दास महाराज मुख्य संरक्षक के सान्निध्य में आयोजित की जाएगी।